(e) and (f) As the basic features including the Size and shape of Eighth Plan has not yet been finalised information about the targets under different programmes is not available

पंजाब के उद्योगों के लिए केन्द्रीय राज-सहायता

632. सरदार अजीत सिंह अरोड़ा :
श्री राम जेठमलानी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 7 अगस्त, 1991 के इंडियन एक्सप्रेस में "पंजाब इंडस्ट्रीज स्टार्व्ड आफ सेंट्रल सबसीडी" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि वर्ष 1989-90 और 1990-91 के दौरान सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्र को कोई राजसहायता उपलब्ध नहीं करायी गई है ;

(ग) यदि हां, तो उक्त अवधि से पहले के वर्षों के दौरान पंजाब में औद्योगिक क्षेत्र को कितनी वार्षिक राजसहायता दी जा रही थी ; और

(घ) पिछले दो वर्षों के दौरान जसहायता न दिये जाने के क्या कारण रा और क्या सरकार ने चालू वर्ष में हैं ाब में उद्योगों को प्रोत्साहित करने पंज लिये राजसहायता देने की कोई योजना बनाई है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) 1985-86 से 1990-91 के दौरान केन्द्रीय निवेश राजसहायता की प्रतिपूर्ति के रूप में पंजाब को दी गयी राशि का विवरण निम्नलिखित है:—

	(रुपये करोड़ में)
1985-86	2.80
1986-87	2.28
1987-88	2.22
1988-89	2.60
1989-90	0.17
1990-91	0.13

केन्द्रीय निवेश राजसहायता योजना 1-10-1988 से समाप्त कर दी गयी है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

सरकारी क्षेत्र के अधीन उर्वरकों का उत्पादन करने वाली संस्थाएं

633. सरदार अजीत सिंह अरोड़ा :
श्री राम जेठमलानी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उर्वरक उत्पादन और इसके आयात निर्यात में सरकारी क्षेत्र की अनेक संस्थायें कार्यरत हैं ;

(ख) यदि हां, तो इन संस्थाओं के नाम क्या-क्या हैं और इन संस्थाओं द्वारा किन-किन स्थानों पर उर्वरक उत्पादन एककों की स्थापना की गयी है ;

(ग) उन एककों के नाम क्या हैं जहां मार्च, 1991 तक उत्पादन शुरू नहीं हुआ था ;

(घ) वर्ष 1989-90 और 1990-91 के दौरान इन सभी उर्वरक उत्पादन एककों द्वारा उर्वरक की कुल कितनी

मात्रा का उत्पादन किया गया था ; और

(ङ) इन सभी एककों की स्थापित उत्पादन क्षमता कितनी है ?

रसायन और उवरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिन्ता मोहन) : (क) सरकारी क्षेत्र के अनेक उपक्रम उर्वरकों के उत्पादन में लगे हुये हैं । उर्वरकों का आयात खनिज एवं धातु व्यापार निगम के माध्यम से किया जाता है जो कि एक सरकारी क्षेत्र का उपक्रम है । चूंकि देश उर्वरकों का एक शुद्ध आयातकर्ता है, अतः सरकारी क्षेत्र के उपक्रम आमतौर पर उर्वरकों का निर्यात नहीं करते । तथापि, हाल ही में, फर्टिलाइजर कारपोरेशन आफ इंडिया और पाइराइट्स फास्फेट एंड केमिकल्स लि० के माध्यम से नेपाल की तत्काल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये क्रमशः 20,000 मी० टन यूरिया और 10,000 मी० टन डी ए पी की सप्लाई की गयी थी ।

(ख) सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों के ब्यौरे जो उर्वरकों का उत्पादन कर रहे हैं तथा उनके उत्पादन एककों के स्थान के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिये गये हैं ।

(ग) उपरोक्त भाग (ख) के उत्तर में निर्दिष्ट एकक वर्ष 1990-91 के दौरान वाणिज्यिक उत्पादन कर रहे थे ।

(घ) और (ङ) उपरोक्त भाग (ख) के उत्तर में निर्दिष्ट एककों की कुल स्थापित क्षमता और वर्ष 1989-90 तथा 1990-91 के दौरान उनके द्वारा उत्पादित उर्वरक न्यूट्रीऐंट्स की मात्रा निम्न प्रकार है :

(000मी० टन में)

	उर्वरक न्यूट्रीऐंट्स के उत्पादन के लिये स्थापित क्षमता		उर्वरक न्यूट्रीऐंटस की कुल उत्पादित क्षमता	
	नाइट्रोजन	फास्फेट्स	नाइट्रोजन	फास्फेट्स
1989-90	4322.0	784.0	2885.6	433.3
1990-91	4322.0	784.0	2870.0	499.3

विवरण

क्र०सं०	उर्वरकों का उत्पादन करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का नाम	एककों का स्थान
1	2	3
1	फर्टिलाइजर कारपोरेशन आफ इंडिया लि०	1. सिन्दरी 2. गोरखपुर 3. रामागुंडम 4. तल्चर
2.	हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कारपोरेशन लि०	1. नामरूप 2. दुर्गापुर 3. बरौनी

1	2	3
3.	नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड	1. नांगल 2. भटिंडा 3. पानीपत 4. विजयपुर
4.	फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स ट्रावनकोर लि०	1. उद्योगमंडल 2. कोचीन
5.	राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लि०	1. ट्राम्बे 2. थाल
6.	मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड	1. मद्रास
7.	पारादीप फास्फेट्स लिमिटेड	1. पारादीप
8.	पाइराइटस फास्फेट्स एंड केमिकल्स लि०	1. अमझोर
9.	नेवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लिमिटेड	1. नेवेली
10.	स्टील अथारिटी आफ इंडिया	1. राउरकेला 2. भिलाई 3 दुर्गापुर 4. बोकारो
11.	हिन्दुस्तान कापर लिमिटेड*	1. खेतरी

*ये एकक अधिकतर उप-उत्पाद के रूप में केवल उर्वरकों का उत्पादन करते हैं।

जिला उद्योग केन्द्र

634. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने हाल में देश के सभी जिलों में जिला उद्योग केन्द्रों की स्थापना करने का निर्णय लिया है ;

(ख) यदि हां, तो कितने जिलों में ऐसे उद्योग केन्द्रों की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव है और सरकार किस तरह इस निर्णय को कार्यान्वित करने का विचार रखती है ;

(ग) क्या इन स्थापित नये उद्योग केन्द्रों द्वारा नये उद्यमियों को जमीन, ऋण औद्योगिक लाइसेंस और उद्योग से संबंधित दिशा निर्देश तथा प्रौद्योगिकता तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जाएगी; और

(घ) यदि नहीं, तो इन केन्द्रों का मुख्य कार्य क्या होगा ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन) : (क) सरकार ने देश में अतिरिक्त जिला उद्योग केन्द्र स्थापित करने के संबंध में कोई निर्णय नहीं किया है

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में पूंजी निवेश में गिरावट

635. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में किये जा रहे